सत्र- 2020-21

विषय : हिंदी पूर्णांक (लिखित) -75+5(सुंदर लिखाई) =80

समय : 3 घंटे कक्षा : बारहवीं आंतरिक मूल्यांकन = 20

प्रश्न-पत्र की रूपरेखा (संशोधित)

नोट : (i) 05 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित किए गए हैं। अक्षरों व शब्दों के सामान्य आकार, अक्षरों की सुस्पष्टता, अक्षरों व शब्दों के बीच की निश्चित दूरी , लिखने में एकसारता, व प्रवाहयुक्त लेखन आदि के आधार पर अध्यापक परीक्षार्थी की लिखाई का मूल्यांकन करेगा।

- प्रश्न-पत्र में कुल 12 प्रश्न होंगे ।
- सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे ।
- प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे ।

भाग-क : अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) (37)

नोट : प्रश्न-1 में बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले अथवा हाँ/नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति करो अथवा सही/गलत किसी भी प्रकार के प्रश्न पूछे जायेंगे।

प्रश्न-1 I. समास (तत्पुरुष, बहुव्रीहि तथा द्वंद्व) से सम्बन्धित पाँच वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से चार के उत्तर लिखने होंगे। 4×1= 4

II. पद परिचय से सम्बन्धित तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से दो के उत्तर लिखने होंगे। 2×1=2

III. छंद से सम्बन्धित चार वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे,जिनमें से तीन के उत्तर लिखने होंगे। 3×1 = 3

IV. अलंकार से सम्बन्धित चार वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे,जिनमें से तीन के उत्तर लिखने होंगे। 3×1=3

V. हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) में से छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से पाँच के उत्तर लिखने होंगे । 5×1 = 5

VI. अंग्रेज़ी के छह पारिभाषिक शब्द दिये जायेंगे जिनमें से किन्हीं पाँच शब्दों के हिंदी रूप लिखने के लिये कहा जायेगा। 5×1 = 5

VII. (क) पद्यांश (प्राचीन कविता) पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से चार के उत्तर लिखने होंगे । 4×1 = 4

(ख) पद्यांश (आधुनिक कविता) पर आधारित पाँच बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से चार के उत्तर लिखने होंगे । 4×1 = 4

(ग) पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग (निबन्ध, कहानी एवं एकांकी) में से नौ अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे जिनमें से सात प्रश्नों के उत्तर 'एक शब्द' या 'एक वाक्य' में लिखने के लिये कहा जायेगा। 7×1 = 7

नोट :- प्रश्न-पत्र निर्माता पाठ्य-पुस्तक में संकलित गद्य भाग (निबन्ध, कहानी एवं एकांकी) की सभी विधाओं को पूर्ण प्रतिनिधित्व दे।

भाग-ख (पाठ्य -पुस्तक में से अन्य प्रश्न) (13)

प्रश्न-2 पाठ्य-पुस्तक में संकलित 'निबन्ध' भाग में से दो लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखने के लिये कहा जायेगा। **3**

प्रश्न-3 पाठ्य-पुस्तक में संकलित 'कहानी' भाग में से दो लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखने के लिये कहा जायेगा। **3**

प्रश्न-4 पाठ्य-पुस्तक में संकलित 'एकांकी'भाग में से दो लघूत्तर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखने के लिये कहा जायेगा। **3**

प्रश्न-5 पाठ्य - पुस्तक में संकलित गद्य भाग (निबन्ध, कहानी एवं एकांकी) में से दो निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70 शब्दों में लिखने के लिये कहा जायेगा। **4**

भाग-ग हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) 08

प्रश्न-6 इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के 'रीतिकाल' की प्रमुख परिस्थितियों से सम्बन्धित दो निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70 शब्दों में लिखने के लिये कहा जाएगा। **4**

प्रश्न-7 इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के 'आधुनिककाल'की प्रमुख परिस्थितियों/ प्रमुख प्रवृत्तियों से सम्बन्धित दो निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70 शब्दों में लिखने के लिये कहा जायेगा। **4**

भाग-घ (रचनात्मक लेखन) 5

प्रश्न-8 यह प्रश्न निबंध रचना से सम्बन्धित होगा।कोई चार विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 130-140 शब्दों में निबंध लिखने के लिये कहा जायेगा। भूमिका के 1 अंक,विषय वस्तु के 3 अंक और उपसंहार के 1 अंक निधारित हैं।
1+3+1= 5

भाग-ङ (व्यावहारिक ज्ञान) 6

प्रश्न-9 इस प्रश्न में लगभग 20-25 शब्दों का पंजाबी में एक गद्यांश दिया जायेगा, जिसका अनुवाद हिंदी में लिखना होगा। 3

प्रश्न-10 विज्ञापन और सूचना से सम्बन्धित दो प्रश्न पूछे जायेंगे जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिये कहा जायेगा। 3

भाग-च (छंद एवं अलंकार) 6

प्रश्न-11 कोई दो छंद देकर किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखने के लिये कहा जायेगा। 1+2= 3

प्रश्न-12 कोई दो अलंकार देकर किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखने के लिये कहा जायेगा। 1+2= 3